समस्त पत्र व्यवहार कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय को सम्बोधित करें, अन्य किसी अधिकारी के नाम से नही

पत्र संख्या :

दिनांक :

प्रेषक,

**कुलसचिव**,
लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ–226007

सेवा में,

समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक/प्रभारी/समन्वयक
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ

**महोदय/ महोदया,**

कृपया अवगत कराना है कि लखनऊ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत समस्त वर्ग के जिन छात्र/ छात्राओं ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (सत्र 2025–26) हेतु आवेदन किया है, ऐसे समस्त छात्र/ छात्राओं को समाज कल्याण विभाग के आदेशानुसार संस्था स्तर से आवेदन पत्र अग्रसारण के पूर्व आवेदन कर्ता की बायोमैट्रिक की अनिवार्यता की गयी।

उपरोक्त हेतु छात्र/ छात्राओं को कैशियर कार्यालय में काउन्टर पर आवेदन पत्र जमा करते समय प्राप्त ''रिसीविंग'' पर उल्लिखत रिसीविंग नम्बर के अनुसार कैशियर कार्यालय में समय–सारणी चस्पा कर दी गयी है, एवं लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ के पोर्टल पर भी अपलोड किया गया है।

उक्त के सन्दर्भ में अनुरोध है कि अपने अधीनस्थ संकाय, विभाग में अध्ययनरत जिन छात्र/ छात्राओं ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (सत्र 2025–26) हेतु आवेदन किया है, उन्हे विभिन्न माध्यमों से प्रचार/ प्रसार करते हुए कैशियर कार्यालय में आवेदन पत्र जमा करते समय प्राप्त ''रिसीविंग'' को अपने साथ लेकर समय–सारणी में निर्धारित तिथि एवं समयावधि में कुलसचिव कार्यालय में छात्रवृत्ति अनुभाग में बायोमैट्रिक की प्रक्रिया पूर्ण करवाने हेतु सूचित करने का कष्ट करें। जिससे कोई भी पात्र छात्र/ छात्रा छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लाभ से वंचित न रहे।

भवदीय,

(डॉ भावना मिश्रा)
कुलसचिव

पत्र संख्या: SWST-19809-12 दिनांक : 11/11/25

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
2. इन्चार्ज वेबसाइट ल0वि0वि0।
3. इन्चार्ज यू०डी०आर०सी०, ल0वि0वि0।
4. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को समस्त दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने के आशय के साथ प्रेषित।

कुलसचिव